महानगर > मुंबई > शुक्रवार, 22 मार्च 2019 > चैत्र 1 शक संवत 1940 चैत्र कृष्ण द्वितीया विक्रम 2075

YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

मूल्य 4.00 रु. > पेज 14* > www.navbharattimes.com > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57

NBT

नवभारत टाइम्स

## धोनी बोले- मैच फिक्सिंग है कत्ल से भी बड़ा गुनाह

p9

### 33 हजार करोड़ रुपये का प्रॉजेक्ट

मुंबईकरों को ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए सरकार मेट्रो-3 परियोजना पर 33 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही है। वर्ष 2021 तक परियोजना का काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 27 स्टेशनों वाले मेट्रो-3 कॉरिडोर में 26 स्टेशन भूमिगत होंगे, जबकि केवल एक स्टेशन जमीन पर होगा।

## वर्ली सीलिंक से बीकेसी फ्लाइओवर का काम 25 से

बीकेसी को ट्रैफिक मुक्त करने के लिए वर्ली सीलिंक से बीकेसी तक फ्लाइओवर बनाने का काम 25 मार्च से शुरू हो जाएगा। एमएमआरडीए ने 3 महीने के भीतर यह काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है। फ्लाइओवर पर दोनों दिशाओं की तरफ 2-2 लेन तैयार किए जाएंगे। यह फ्लाइओवर बनाने के लिए बांद्रा पूर्व स्काइवॉक को नंदादीप से एसआरए की इमारत तक तोड़ने का निर्णय लिया है।

### कितना लंबा फ्लाइओवर

**780 मीटर** वर्ली सीलिंक से बीकेसी तक

**720 मीटर** बीकेसी से वर्ली तक

**90 करोड़** रुपये आएगी लागत

## भूमिगत मेट्रो का 22 किमी मार्ग बनकर तैयार

Pankaj.Pandey
@timesgroup.com

■ **मुंबई:** कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच बन रही महानगर की पहली भूमिगत मेट्रो लाइन के दोनों तरफ की कुल 52 किलोमीटर लाइन में से 22 किलोमीटर मार्ग बनकर तैयार है। नवंबर, 2017 से चल रहे मेट्रो-3 लाइन के निर्माण में एक महत्वपूर्ण चरण तब पूरा हुआ, जब गुरुवार को गोदावरी 3 टीबीएम मशीन ने बीकेसी से विद्यानगरी तक सुरंग तैयार कर दी। मेट्रो-3 के काम को रफ्तार देने के लिए विदेश से मंगाई गई 17 टीबीएम मशीनों से काम लिया जा रहा है। अब तक 9 जगहों पर टीबीएम जमीन भेदकर सुरंग के दूसरी तरफ बाहर निकल चुकी है।

### कितना काम पूरा

- मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और शिवसेना भवन स्टेशन पर अप व डाउन, दोनों दिशाओं की तरफ खुदाई का काम पूरा हो चुका है
- वर्ली, सीप्ज, सहार, एमआईडीसी और विद्यानगरी स्टेशन पर केवल एक दिशा की तरफ खुदाई का काम हुआ है
- मेट्रो-3 के रूट पर कुल 32 स्थानों पर टीबीएम को जमीन चीरकर बाहर निकलना है
- इनमें से 9 स्टेशनों पर मशीन यह काम कर चुकी है

### गोदावरी 3 टीबीएम का कारनामा

**गोदावरी 3 टीबीएम** मशीन प्रस्तावित विद्यानगरी स्टेशन पर सुरंग बनाकर बाहर निकली

**14 सितंबर, 2018** को मशीन ने बीकेसी से खुदाई का काम शुरू किया था

गोदावरी 3 ने **890 मीटर** लंबा मेट्रो मार्ग **185 दिनों** में तैयार किया है

**83 मीटर** लंबी विशालकाय मशीन ने रोज **4.9 मीटर** खुदाई की

### जमीन भेदकर निकली मशीन

- मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट
- शिवसेना भवन
- सीप्ज
- सहार रोड
- एमआईडीसी
- विद्यानगरी